उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड

होमियोपैथी भवन

2, नबीउल्लाह मार्ग, लखनऊ-226018

मो0नं0 : 7607355882

ई-मेल-registrar@hmbup.in

पत्रांक-......786.....एच0एम0बी0 / दिनांक ..06/10/2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबंधक,

समस्त डी0एच0पी0 कालेज,

उत्तर प्रदेश।

द्वारा बोर्ड बेवसाइट

विषयः-वर्ष 2020-2022 की परीक्षा कराये जाने हेतु सम्बन्धित डी0एच0पी0 कालेज में अध्ययरत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति प्रमाण पत्र बोर्ड कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपुर्यक्त विषयक, अवगत कराना है कि बोर्ड कार्यालय के पत्र दिनांक-06.07.2023 के द्वारा डी0एच0पी0 सत्र 2020-2022 का नामांकन जारी करने व परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में कालेज स्तर से वांछित अभिलेख प्राप्त कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया था। दिनांक 05.10.2023 तक बोर्ड कार्यालय में प्राप्त कराये गये उपरोक्त वांछित अभिलेखों की समीक्षा की गयी जिसमें यह पाया गया कि कुल 175 कालेजों के सापेक्ष अद्यतन मात्र 135 कालेजों द्वारा ही उक्त अवधि में कालेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पंजिका की छायाप्रति/अटेडेन्ट शीट बोर्ड कार्यालय में प्राप्त करायी गयी अवशेष कालेजों द्वारा पत्र जारी होने के लगभग 60 दिन के बावजूद भी अद्यतन विवरण नहीं उपलब्ध कराया गया है। जिसके कारण उक्त अवधि के छात्रों का नामाकंन जारी करने व परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही किया जाना सम्भव नही हो पा रहा है।

अतः वर्ष 2020-22 में पाठ्यक्रम संचालित कराने वाले सम्बन्धित डी0एच0पी0 कालेजों को अन्तिम रूप से निर्देशित किया जाता है कि वह वर्ष 2020-22 के छात्रों की उपस्थित पंजिका की छायाप्रति /अटेन्डेन्स शीट दिनांक 12.10.2023 तक अनिवार्य रूप से बोर्ड कार्यालय को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। जिससे की उक्त के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही की जा सके। यदि किसी कालेज द्वारा निर्धारित तिथि तक अपने कालेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की उपस्थित पंजिका/अटेन्डेन्स शीट नही उपलब्ध कराया जाता है तो यह माना जायेगा की उक्त अवधि में उनके कालेज में किसी भी छात्र द्वारा अध्ययन नही किया है व उन्हें इस सम्बन्ध में कुछ नही कहना है तद्नुसार परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में निर्णय ले लिया जायेगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्था के प्राचार्य/प्रबन्धक का होगा। प्रकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण व समयबद्ध है।

भवदीय

06/10/2023

(विनय कुमार त्रिपाठी),

रजिस्ट्रार।

पत्रांक संख्या एवं तददिनांक-

प्रतिलिपि, नियंत्रक, उ0प्र0 होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, उ0प्र0 लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

06/10/2023

(विनय कुमार त्रिपाठी),

रजिस्ट्रार।

Scanned with OKEN Scanner